an>

Title: Need to construct a six-lane bridge on Narmada river at Jhageshwar near Bharuch, Gujarat.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे अपने क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण विषय को उठाने की अनुमति दी उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। गुजरात में राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 8 जो दिल्ली से अहमदाबाद, भरूच होते हुए मुंबई तक जाती है। भरूच के पास नर्मदा नदी पर पूरा राष्ट्रमार्ग छह लेन का है, मगर नर्मदा नदी पर जो लंबा पुल है वह केवल दो ही लेन का है। इसकी वजह से बाटलनेक की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 8 जो दिल्ली से लेकर मुंबई तक जाती है, यातायात की दृष्टि से अगर आप देखें तो सबसे ज्यादा यातायात उस मार्ग से होता है। इस बाटलनेक की वजह से वहां घंटों ट्रैफिक अवरुद्ध हो जाता है। कई बार कई किलोमीटर तक लंबी वाहनों की कतार लगी होती है। पन्द्रहवीं लोक सभा में भी मैंने और मेरे अन्य साथियों ने इस मुद्दे को सदन में उठाया था। मैं इस बात का जिक्र करना चाहता हूं कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है, उस समय की यूपीए सरकार ने 1 मई, 2012 को गुजरात चुनाव से ठीक पहले इस ब्रिज का पीपीपी मॉडल पर शिलान्यास किया था, मगर आज तक उस पर कोई कार्यवाही संपन्न नहीं हुई है। आज भी लोग परेशान हैं। गुजरात सरकार ने भी कई बार उसे ईपीसी मॉडल इंजीनियरिंग प्रोक्यूरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन मॉडल पर इस ब्रिज के निर्माण के लिए कहा है। मैं आपके माध्यम से और इस सदन के माध्यम से सरकार से प्रार्थना करता हूं कि अगर इस ब्रिज का निर्माण हो जाता है तो इससे लोगों को बहुत सुविधा होगी, जो लंबी-लंबी लाइन होती है, यातायात में जो अवरोध होता है, उसे हम दूर कर सकेंगे। आपने मुझे बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

HON. DEPUTY SPEAKER: I am having a long list of Members to speak during 'Zero Hour'. I will allow maximum of one minute. And if any Member exceeds the limit, automatically his speech would not go on record. Therefore, I would request all of you to cooperate. I would allow maximum of one minute and not more than that.

Shri Hukum Singh. You mention about the subject. That is enough.